नाम............................ अनुक्रमांक....................

# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2025-26
# सामान्य हिन्दी
# कक्षा–12

**A/20,000**

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश**–(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

**खण्ड 'क'**

1. **सही विकल्प का चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए–**

(क) डॉ० सम्पूर्णानन्द को मंगलाप्रसाद पुरस्कार प्राप्त हुआ– **1**

(i) गणेश पर
(ii) समाजवाद पर
(iii) चिद्विलास पर
(iv) आर्यों का आदि देश पर

(ख) 'कबीर' पुस्तक के लेखक हैं– **1**

(i) रामचंद्र शुक्ल
(ii) श्यामसुन्दर दास
(iii) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(iv) विद्या निवास मिश्र

(ग) 'लालकनेर' व 'मेरा बचपन' किसकी अनूदित रचनाएँ हैं ? **1**

(i) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(ii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'
(iii) हरिशंकर परसाई
(iv) मोहन राकेश

(घ) धरती गाती है– **1**

(i) राहुल सांकृत्यायन
(ii) देवेन्द्र सत्यार्थी
(iii) यशपाल
(iv) सेठ गोविन्ददास

(ङ) 'रिपोर्ताज' विधा की सफल प्रस्तुति है– **1**

(i) गेहूँ बनाम गुलाब
(ii) कुटज
(iii) आचरण की सभ्यता
(iv) रॉबर्ट नर्सिंग होम में

2. **सही विकल्प का चयनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए–**

(क) 'दिनकर' को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला– **1**

(i) सन् 1970 ई० (ii) सन् 1971 ई० (iii) सन् 1972 ई० (iv) सन् 1974 ई०

(ख) 'निराला' किस कवि का उपनाम है ? **1**

(i) जयशंकर प्रसाद
(ii) सुमित्रानन्दन पंत
(iii) गिरजा कुमार माथुर
(iv) सूर्यकान्त त्रिपाठी

(ग) 'उर्मिला का विरह वर्णन' साकेत के किस सर्ग में है ? **1**

(i) प्रथम सर्ग (ii) द्वितीय सर्ग (iii) नवम सर्ग (iv) चतुर्थ सर्ग

(घ) किस महाकाव्यात्मक कृति में बारह सर्ग हैं ? **1**

(i) कामायनी (ii) साकेत (iii) प्रिय प्रवास (iv) वैदेही वनवास

(ङ) 'कला और बूढ़ा चाँद' के रचयिता हैं– **1**

(i) जयशंकर प्रसाद (iii) गिरिज कुमार माथुर
(ii) हरिवंशराय बच्चन (iv) सुमित्रानन्दन पंत

3. **दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **2 × 5 = 10**

रवीन्द्रनाथ ने इस भारतवर्ष को 'महामानवसमुद्र' कहा है। विचित्र देश है यह ! असुर आए, आर्य आए, शक आए, हूण आए, नाग आए, यक्ष आए, गन्धर्व आए–न जाने कितनी मानव-जातियाँ यहाँ आई और आज के भारतवर्ष को बनाने में अपना हाथ लगा गई। जिसे हम हिन्दू रीति-नीति कहते हैं, वह अनेक आर्य और आर्येत्तर उपादानों का अद्भुत मिश्रण है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) लेखक के अनुसार हिन्दू रीति-नीति क्या है ?
(घ) गद्यांश का सप्रसंग भाव स्पष्ट कीजिए।
(ङ) गद्यांश की भाषा एवं शैली की विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

आदमियों को मक्खी बनाने वाला कामरूप का जादू नहीं मक्खियों को आदमी बनाने वाला 'जीवन का जादू'–हाँ की सबसे बुद्धिया मदर मारग्रेट। कद इतना नाटा कि उन्हें गुड़िया कहा जा सके, पर उनकी चाल में गजब की चुस्ती, कदम में फुर्ती और व्यवहार में मस्ती, हँसी उनकी यों कि मोतियों की बोरी खुल पड़ी और काम यों कि मशीन मात माने।

(क) गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) "नहीं मक्खियों को आदमी बनाने वाला जीवन का जादू" इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
(घ) इन पंक्तियों में लेखक ने किसके जादू का वर्णन किया है ?
(ङ) मदर मारग्रेट की हँसी और काम के सम्बन्ध में लेखक ने क्या लिखा है ?

4. **दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **2 × 5 = 10**

निरख सखी, ये खंजन आए,
फेरे उन मेरे रंजन ने नयन इधर मन भाए।
फैला उनके तन का आतप, मन से सर सरसाए।
घूमे वे इस ओर वहाँ, ये हंस यहाँ उड़ आए।
करके ध्यान आज इस जन का निश्चय वे मुसकाए,
फूल उठे हैं कमल, अधर से यह बन्धूक सुहाए।
स्वागत, स्वागत, शरद, भाग्य से मैंने दर्शन पाए,
नभ ने मोती वारे, लो ये अश्रु अर्ध्य भर लाए॥

(क) पद्यांश के पाठ व कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) खंजन-पक्षियों को देखकर उर्मिला को कैसा प्रतीत हो रहा है ?

(घ) इन पंक्तियों में उर्मिला किसका स्वागत कर रही है ?

(ङ) कवि ने पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया है ?

**अथवा**

लज्जाशीला पथिक महिला जो कहीं दृष्टि आये।
होने देना विकृत-वसना तो न तू सुन्दरी को॥
जो थोड़ी भी श्रमित वह हो गोद ले श्रान्ति खोना।
होठों की ओ कमल-मुख की म्लानतायें मिटाना॥
कोई क्लान्ता कृषक-ललना खेत में जो दिखाई।
धीरे-धीरे परस उसकी क्लान्तियों को मिटाना॥
जाता कोई जल्द यदि हो व्योम में तो उसे ला।
छाया द्वारा सुखित करना, तप्त भूतांगना को॥

(क) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) राधा पवन-दूतिका से राह में पथिकों के साथ कैसा व्यवहार करने को कहती है ?

(घ) राधा ने पवन-दूतिका को पथिक कृषक-स्त्री के ऊपर किसके द्वारा छाया करने को कहा है ?

(ङ) 'कृषक-ललना' शब्द में कौन-सा समास होगा ?

5. (क) **निम्न में से किसी एक लेखक का साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए– (शब्द सीमा 80 शब्द)** **3 + 2 = 5**

(i) डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल

(ii) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी

(iii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(ख) **निम्न में से किसी एक कवि का साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाएँ लिखिए– (शब्द सीमा 80 शब्द)** **3 + 2 = 5**

(i) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

6. **'पंचलाइट' अथवा 'ध्रुवयात्रा' कहानी का सारांश लिखिए। (शब्द सीमा 80 शब्द)** **5**

**अथवा**

**'ध्रुवयात्रा' कहानी की नायिका का चरित्र-चित्रण लिखिए।**

7. **स्वपठित 'खण्डकाव्य' के 'द्वितीय सर्ग' की कथा-वस्तु अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 5**

**अथवा**

**स्वपठित 'खण्डकाव्य' के देशकाल व वातावरण पर प्रकाश डालिए।**

**खण्ड–'ख'**

8. (क) **दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए–** **2 + 5 = 7**

संस्कृतसाहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये-पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्र निर्माणार्थं यादृशीं सत्प्रेरणां संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीम् किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृत साहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी।

**अथवा**

सा शकुनिसंसदि अवलोकयन्ती मणिवर्णग्रीवं चित्रप्रेक्षणं मयूरं दृष्ट्वा 'अयं मे स्वामिको भवतु' इत्यभाषत। मयूरः 'अद्यापि तावन्मे बलं न पश्यसि' इति अतिगर्वेण लज्जाञ्च त्यक्त्वा तावन्महतः शकुनिगणस्य मध्ये पक्षौ प्रसार्य नर्तितुमारब्धवान् नृत्यन् च प्रतिच्छन्नोऽभूत्।

(ख) **दिये गये संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए–** **2 + 5 = 7**

न मे रोचते भद्रं वः उलूकस्याभिषेचनम्।
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति॥

**अथवा**

वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि।
लोकोत्तराणां चेतांसि को नु विज्ञातुमर्हति॥

9. **निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए– 1 + 1 = 2**

(क) पत्ता काटना
(ख) नौ बारह होना
(ग) धूल में मिलना
(घ) तिल का ताड़ करना।

10. **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

आज से कई वर्ष पहले गुरुदेव के मन में आया कि शान्ति निकेतन को छोड़कर कहीं अन्यत्र जाएँ। स्वास्थ्य बहुत अच्छा नहीं था, शायद इसलिए या पता नहीं क्यों, तय पाया कि वे श्री निकेतन के पुराने तिमंजले मकान में रहे। शायद मौज में आकर यह निर्णय लिया हो। वे सबसे ऊपर के तल्ले में रहने लगे। उन दिनों ऊपर तक पहुँचने के लिए लोहे की चक्करदार सीढ़ियाँ थीं और वृद्ध और क्षीणवपु रवीन्द्रनाथ के लिए उस पर चढ़ सकना असम्भव था। फिर भी बड़ी कठिनाई से उन्हें वहाँ ले जाया गया।

(क) 'गुरुदेव' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? **2**

**P.T.O.**

(ख) गुरुदेव ने शान्ति निकेतन छोड़कर कहाँ और रहने का मन क्यों बनाया ? **2**
(ग) उनके समीप तक पहुँचने में क्या कठिनाइयाँ थीं ? **1**

**अथवा**

हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास तो हो रहा है, हम लक्षय भ्रम से भी पीड़ित हैं, विकास के विराट उद्देश्य से पीछे हट रहे हैं, हम झूठी तुष्टि के तात्कालिक लक्षयों का पीछा कर रहे हैं ? मर्यादाएँ टूट रही हैं, नैतिक मानदण्ड ढीले पड़ रहे हैं, व्यक्ति केन्द्रकता बढ़ रही है। स्वार्थ परमार्थ पर हावी हो रहा है। भोग की आकांक्षाएँ आसमान छू रही हैं। उपभोक्ता संस्कृति हमारी सामाजिक नींव को हिला रही है ?

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
(ख) उपभोक्ता संस्कृति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
(ग) हमारे लक्षय भ्रम से पीड़ित क्यों हैं ?

11. (क) **निम्नलिखित शब्द-युग्मों के उचित अर्थ का चयन करके लिखिए–**

(i) **भव–भव्य** **1**

● (अ) संसार और सुन्दर　　(ब) विश्व और व्यापक
(स) सुख और दु:ख　　(द) भौतिक और आध्यात्मिक

(ii) **जलद–जलधि** **1**

(अ) कमल और समुद्र　　● (ब) बादल और समुद्र
(स) सिन्धु और आकाश　　(द) जलना और जो जला न हो।

(ख) **निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए–** **1 + 1 = 2**

● (i) आकृति　　(ii) कपि　　(iii) नीरज　　(iv) पट

(ग) **निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए–**

(i) जिसका कोई शत्रु न हो। **1**

(अ) अजन्मा　　● (ब) अजातशत्रु　　(स) शत्रुघ्न　　(द) जातशत्रु

(ii) जो गलत कार्य के लिए हठ करे **1**

(अ) दुराग्रह　　● (ब) दुराग्रही　　(स) सदाग्रही　　(द) सत्याग्रही

(घ) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–** **1 + 1 = 2**

(i) उन्हें मृत्युदण्ड की सजा दी है।
(ii) ईश्वर सबका भाग विधाता है।
(iii) भारत समृद्धशाली देश है।
(iv) बाजार से आईना लाओ।

12. (क) **'वीर' रस अथवा 'शांत' रस के साथ परिभाषा सहित उदाहरण लिखिए।** **1+1**

(ख) **'यमक' अथवा 'श्लेष' अलंकार का लक्षण और उदाहरण लिखिए।** **1+1**

(ग) **'हरिगीतिका' अथवा 'कुण्डलियां' छन्द की मात्रा सहित लक्षण उदाहरण लिखिए।** **1+1**

13. **किसी इण्टरमीडिएट कॉलेज में लिपिक के रिक्त पद पर अपनी नियुक्ति हेतु उस कॉलेज के प्रबन्धक को एक आवेदन-पत्र लिखिए।** **2+4=6**

**अथवा**

**अपने क्षेत्र में प्रदूषण से उत्पन्न स्थिति का वर्णन करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को एक पत्र लिखिए।**

14. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए–** **2+7=9**

(क) मेरा प्रिय कवि (साहित्यकार) : तुलसीदास
(ख) मानव-जीवन में योग शिक्षा का महत्व
(ग) कम्प्यूटर विज्ञान की आवश्यकता
पढ़ें-बेटियाँ, बढ़ें बेटियाँ